# 'उद्यमियों को फूड, एग्रो व सिरेमिक इकाईयां स्थापित करने के लिए प्रेरित करें'



जिला प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल ने बीकानेर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।

- **13 नवम्बर को होने वाले राजस्थान राइजिंग समिट के जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए 37 एम.ओ.यू निष्पादित किए गए हैं**
- **20 एम.ओ.यू. के प्रस्तावों के लिए वार्ता अंतिम चरण में**

**बीकानेर,** (कासं)। जिला प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल ने कहा कि राइजिंग राजस्थान की जिला स्तरीय समिट के तहत स्थापित होने वाली नई औद्योगिक इकाईयों से जिले को दीर्घकालीन लाभ मिले, ऐसे प्रस्तावों को प्राथमिकता दी जाए।

जिला प्रभारी सचिव ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टमेंट समिट राज्य सरकार का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। आने वाले समय में इसके बेहतरीन परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इसे ध्यान रखते हुए स्थानीय औद्योगिक संभावनाओं के अनुरूप निवेशकों और उद्यमियों के साथ संवाद किया जाए। उद्यमियों को फूड, एग्रो, पर्यटन और सिरेमिक सहित अन्य स्थानीय महत्व की इकाईयां स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाए।

तेरह नवम्बर को होने वाली जिला स्तरीय समिट का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हो और नए निवेशकों को उद्यम स्थापित करने के लिए आवश्यक सरकारी सुविधाएं और सहयोग उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने कहा कि जिले के औद्योगिक विकास से यहां के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई दिशा मिल सकेगी। प्रभारी सचिव ने राइजिंग राजस्थान समिट से चिकित्सा, पशुपालन, सार्वजनिक निर्माण और शिक्षा सहित अन्य विभागों को जुड़ने के निर्देश देते हुए कहा कि विभाग अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप निवेश प्रस्ताव तैयार करवाए। इनके लिए उद्योग विभाग के साथ समन्वय रखें। औद्योगिक इकाईयों और उद्यमियों को समय रहते समिट के लिए आमंत्रित कर लिया जाए।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि 13 नवम्बर को होने वाले राजस्थान राइजिंग समिट के जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए 37 एमओयू निष्पादित किए गए हैं तथा 20 एमओयू के प्रस्तावों के लिए वार्ता अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि उद्योग विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

प्रभारी सचिव ने संपूर्णता अभियान की प्रगति जानी और कहा कि आकांक्षी ब्लॉक कोलायत में केन्द्र सरकार के निर्देश अनुसार समयबद्ध कार्यवाही की जाए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सेनेटरी नैपकिन पैड वितरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित करने, फसल खराबे के आंकलन, जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की और कहा कि राज्य सरकार के प्रत्येक निर्देश की शत प्रतिशत पालना सुनिश्चित की जाए।

प्रभारी सचिव ने पीबीएम अस्पताल में दवाईयों की उपलब्धता, जांच, स्टाफ की स्थिति, साफ सफाई आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर की सघन सफाई के लिए नगर निगम और जन भागीदारी से स्वच्छता पखवाड़े के तहत विशेष अभियान चलाया जाए। परिसर से निर्माण सामग्री और इसके मलबे के कारण लोगों को परेशानी नहीं हो। संभाग के सबसे बड़े अस्पताल की सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रहनी चाहिए। पीबीएम अस्पताल में सीवर लाइन कनेक्शन चालू नहीं होने की जानकारी पर प्रभारी सचिव ने 2 अक्टूबर से पहले सभी कनेक्शन प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल से संबंधित आवश्यकताओं की सूची उपलब्ध करवाने को कहा।

प्रभारी सचिव ने ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक दिन विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई करवाने के निर्देश दिए और कहा कि इस कार्य में जनप्रतिनिधियों और आमजन का सहयोग लें।

प्रभारी सचिव ने मानसून के दौरान जिले में किये गए पौधारोपण की स्थिति जानी और जीवित पौधों को समीक्षा करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के लिए कहा। सरकारी कार्यालयों में ई-फाइलिंग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी विभागों में ई-फाइलिंग व्यवस्था अनिवार्य रूप से लागू हो। सभी रिकॉर्ड स्कैन किये जाएं, जिससे कार्यों में पारदर्शिता आए और फाइलों के निस्तारण में अनावश्यक देरी ना हो।

चिकित्सा विभाग में ई-फाइलिंग के निस्तारण का औसत समय अधिक होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारी ई-फाइलिंग सिस्टम की मॉनिटरिंग करें।

## प्रकृति को समर्पित काव्य रस धारा 27 को

**बीकानेर,**(कासं)। प्रज्ञालय संस्थान और राजस्थानी युवा लेखक संघ द्वारा नगर की समृद्ध काव्य परंपरा को नव आयाम देने के संदर्भ में काव्य विधा पर केन्द्रित मासिक श्रृंखला काव्य रंगत-शब्द संगत की पांचवी कड़ी 27 सितम्बर को आयोजित की जायेगी।

कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ साहित्यकार, केन्द्रिय साहित्य अकादेमी नई दिल्ली के मुख्य पुरस्कार एवं अनुवाद पुरस्कार से समादृत एवं राजस्थानी मान्यता आंदोलन के प्रवर्तक कमल रंगा ने बताया कि भाषायी भाईचारे एवं समन्वय के साथ नगर की हिन्दी, उर्दू और राजस्थानी काव्य धारा को नए आयाम एवं नव ऊंचाईयां देने के लिए इसी सकारात्मक नव पहल के तहत उक्त प्रयोजन हेतु आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम के समन्वयक कवि एवं शिक्षाविद संजय सांखला ने बताया कि इस माह का आयोजन 27 सितम्बर को सांय 6:15 बजे नत्थूसर गेट बाहर स्थित लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन सदन में रखा गया है। इस पांचवें आयोजन में समंदर को केन्द्र में लेकर रखा गया है। इसी को केन्द्र में रखकर कवि-शायर अपनी नव रचना का वाचन करेंगे।

संस्था के प्रतिनिधि युवा शिक्षाविद् राजेश रंगा ने बताया कि वर्षभर प्रकृति पर केन्द्रित मासिक श्रृंखला में कवि शायर कम से कम आठ बार अपनी नव रचना प्रस्तुति देंगे। उन रचनाओं को एक परामर्श मण्डल द्वारा चयन उपरांत पुस्तक आकार में प्रकाशित करने की भी योजना बनाई जा रही है। इसी संदर्भ में प्रकृति पर केन्द्रित चार कड़िया धरती, आकाश, बरसात, दरखत पर हो चुकी है।

## सार-समाचार

### वुशू क्रीड़ा प्रति. के विजेता पुरस्कृत




वुशू क्रीड़ा प्रतियोगिता के विजेताओं को भाजपा शहर अध्यक्ष विजय आचार्य व अनिल बोडा ने पुरस्कृत किया। ई

**बीकानेर,** (कासं)। 68 वीं जिला स्तरीय वुशू क्रीडा प्रतियोगिता 17/19 वर्ष छात्र-छात्रा का समापन समारोह शुक्रवार को एनडी मॉर्डन सीनियर सैकण्डरी स्कूल आचार्यों के चौक में हुआ। समिति सदस्य मोहर सिंह सलावद ने बताया कि समापन समारोह में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के बीकानेर शहर जिलाध्यक्ष विजय कुमार आचार्य व विशिष्ट अतिथि उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा अनिल बोड़ा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को और निर्णायकों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया। समारोह में उन्होंने कहा कि खेलों से खिलाड़ी स्वस्थ रहते है। जीवन में खेल बहुत जरूरी है। इससे तन व स्वस्थ रहता है। विजेता खिलाड़ी राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। हार जीत खेल का हिस्सा है। हार से कभी घबराना नहीं चाहिए। अध्यक्षता कर रही शाला की सचिव संतोष व्यास ने कहा कि खेलों में अधिक से अधिक खिलाड़ियों को भाग लेना चाहिए। प्रतियोगिता संयोजक सुनील कुमार हर्ष व शाला प्राचार्य नरेन्द्र कुमार रंगा ने भी विचार व्यक्त किए। समापन समारोह में 34 स्वर्ण,19 रजत,10 विजेता खिलाड़ियों को कांस्य पदक सम्मानित किया गया। मंच संचालन मोहर सिंह सलावद ने किया। इस अवसर पर कोच गणेश हर्ष व निर्णायक रामविलास, राजूनाथ सिद्ध, अरूणा, शिवम आचार्य, अभिलाषा रंगा, गीता चौहान, अनुराधा स्वामी, हनुमान दान बिट्टू, अर्चना तंवर आदित्य नारायण व्यास उपस्तिथ थे।

### सम्मान समारोह 30 को



एम.जी.एस.यू. के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने व्याख्यान और सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के राजस्थानी विभाग द्वारा 30 सितम्बर को आयोजित विस्तार व्याख्यान और सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित द्वारा किया गया। जिसमे प्रोफेसर अनिल कुमार छंगाणी, डॉ धर्मेश हरवानी, राजस्थानी विभाग की सह प्रभारी डॉ संतोष कंवर शेखावत व राजस्थानी विभाग के अतिथि व्याख्याता डॉ नमामि शंकर आचार्य, राम अवतार उपाध्याय आदि उपस्थित थे। इस व्याख्यान का विषय प्रतियोगी परीक्षा में राजस्थानी भाषा-साहित्य और कला-संस्कृति का महत्व रहेगा जो परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। इस प्रोग्राम में मुख्य वक्ता के रूप में राजवीर सिंह चलकोई रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध उद्योगपति, समाजसेवी व पर्यावरणविद प्रहलाद राय गोयनका रहेंगे।

### कांग्रेसियों ने मोदी का पुतला फूंका

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक बयानबाजी पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोष जताया है। कांग्रेस कार्यकर्ता जिला प्रभारी जिया उर रहमान के नेतृत्व में शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचे और नारेबाजी कर रोष जताया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला फूंका। जिला संगठन महामंत्री श्यामलाल शेखावाटी ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ता सुबह करीब 11 बजे जिला प्रभारी जिया उर रहमान के नेतृत्व में एच ब्लॉक स्थित कांग्रेस कार्यालय में एकत्रित हुए। यहां से कांग्रेस के प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट की तरफ रवाना हुए। इन लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर रोष प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका।

# मार्च तक बनेगा जलाशय व फिल्टर प्लांट, नहरबंदी का असर नहीं होगा

- **जलाशय बनने से इस बार नहरबंदी में पानी की कटौती का सामना नहीं करना होगा**

**बीकानेर,** (कासं)। साल 2052 तक की पेयजल की जरूरत पूरी करने के लिए बनाया गया पीएचईडी का पायलट प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं हो पायेगा। इसी साल काम का पहला चरण पूरा होना था, जो अगले साल ही होगा। इसके एवज में ठेकेदार से एलडी काटी जायेगी। हालांकि बीछवाल में जलाशय और फिल्टर प्लांट मार्च तक तैयार हो सकता है। अगर ऐसा हुआ तो इस बार नहरबंदी में पानी की कटौती का सामना नहीं करना होगा।

शहर की 2052 तक की प्यास बुझाने के लिए 892 करोड़ का प्रोजेक्ट मंजूर हुआ था। पहला चरण 2035 तक के लिए और दूसरा चरण 2052 तक के लिए। पहले चरण का काम इसी साल यानी 2024 में पूरा होना था, लेकिन अभी करीब 60 प्रतिशत काम ही हुआ है। उसकी वजह जमीनों का विवाद भी है। दोनों ही जमीनों का मामला शुरूआती दौर में लिटिगेशन में चला गया था।

इस कारण जलाशय का काम देरी से शुरू हुआ। पीएचईडी का दावा है कि बीछवाल में बन रहा जलाशय फरवरी-मार्च तक तैयार हो जायेगा। उसका पूरा सिस्टम तैयार हो जायेगा। अगर ऐसा हुआ तो इस जलाशय में भी पानी जमा कर सकेंगे। दो जलाशय पहले से हैं। इससे नहरबंदी के दौरान पानी की कटौती की जरूरत नहीं होगी। हालांकि इस फिल्टर प्लांट से बीछवाल जलाशय से ही जुड़े इलाकों को ही फायदा होगा। लेकिन जब तक शोभासर का जलाशय तैयार नहीं होता तब तक शोभासर वाले इलाके को भी इमरजेंसी में पानी दिया जा सकता है।

पंजाब सीमा में आने वाली इंदिरा गांधी नहर की मरम्मत का काम पिछले साल नहीं हुआ था। अब अगले साल मार्च-अप्रैल में नहरबंदी होगी। नहरबंदी के दौरान एक दिन छोड़कर पानी सप्लाई किया जाता है। अगर बीछवाल और शोभासर जलाशय में नए जलाशय बन गए तो कटौती की जरूरत नहीं होगी।

इसलिए लोगों को इंतजार है कि अगर एक जलाशय भी तैयार हो गया तो कटौती का सामना नहीं करना होगा। क्योंकि पूर्ण नहरबंदी करीब 30 दिन की होगी। बीकानेर में मौजूदा हालात में 18 दिन का जल भंडारण हो सकता है। 12 दिन की पानी की कमी को दूर करने के लिए एक दिन छोड़कर जलापूर्ति होती है।

## मां आशापुरा के मेले की तैयारी बैठक

**बीकानेर,**(कासं)। आशापुरा भंडारा सेवा समिति ट्रस्ट पोकरण बीकानेर के आवश्यक बैठक 22 सितम्बर को बिनानी चौक स्थित लखी जी दूध वाला के निवास स्थान दोपहर 2 बजे पर आयोजित की गई है।

यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष श्यामसुंदर जोशी ने बताया कि आसोज में मां आशापुरा के मेला अवसर पर भंडारा व्यवस्था संबंधी बैठक आयोजित की गई है। जिसमें भंडारे की व्यवस्था संबंधित चर्चा की जायेगी। जोशी ने बताया कि आगामी मेल 10 से 13 अक्टूबर तक भरेगा। जिसमें बीकानेर से अष्टमी से बसें रवाना होकर मां आशापुरा के धाम पोकरण पहुंचेगी जहां पर नवमी, दशमीं और ग्यारस को मेला भरेगा।

मेले के अवसर पर बीकानेर जोधपुर, फलौदी, कोलकाता, मुंबई, मद्रास सहित देश के अन्य भागों से समाज के लोग दर्शनाथ आते हैं।

# विदेश भेजने के नाम पर 27 लाख रूपये ठगे

- **ऑस्ट्रेलिया में स्टडी वीजा पर भेजने के नाम पर की धोखाधड़ी**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। ऑस्ट्रेलिया में स्टडी वीजा पर भेजने के नाम पर फिर 27 लाख रूपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पी ब्लॉक की चौधरी इमीग्रेशन के संचालक पर कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

रावतसर तहसील के गांव पोहड़का निवासी विकास कुमार ने परिवाद के परिवाद पर शहर के. पी. ब्लॉक स्थित चौधरी इमीग्रेशन के संचालक टिब्बी तहसील के मेहरवाला कलां निवासी रमनदीप पुत्र राजेन्द्र जाट के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पीड़ित के अनुसार वह अक्टूबर 2023 में अपने दोस्त विश्वास पुत्र कृष्ण कुमार, निवासी कोहला के साथ स्टडी बेस पर ऑस्ट्रेलिया का वीजा व फाइल तैयार करवाने के लिए आरोपी से मिला। आरोपी ने ऑस्ट्रेलिया का स्टडी वीजा लगवाने का 27 लाख रुपए खर्चा बताया। आरोपी की बातों पर विश्वास करके 30 अक्टूबर 2023 से 2 जनवरी 2024 तक 27 लाख रूपए आरोपी को दे दिए। इसमें 7 लाख रूपए नकद तथा शेष 20 लाख रूपए पीड़ित ने अपने दोस्त विश्वास के खाते से आरोपी को ऑनलाइन ट्रांसफर किए।

परिवाद में बताया है कि पीड़ित ने अपनी कृषि भूमि गिरवी रखकर आरोपी को 27 लाख रूपए दिए थे। ऐसे में उसे इस राशि का रकम का ब्याज भी देना पड़ रहा है। पीड़ित ने आरोपी के साथ कई बार सामाजिक पंचायतें की। इस पर आरोपी ने अपनी गलती मानते हुए राशि लौटाने के लिए स्टांप पेपर पर 10 अगस्त को लिखकर दिया।

# अवैध रिफिलिंग करते सिलेंडर व मशीन जब्त

- **गंगाशहर से तीन घरेलू सिलेंडर, इलेक्ट्रिक कांटा तथा एक रिफिलिंग मशीन जब्त की**

**बीकानेर,** (कासं)। घरेलू सिलेंडर की व्यावसायिक दुरूपयोग रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को जांच दल ने अवैध रिफिलिंग करते पाए जाने पर कार्रवाई की। टीम ने कार्रवाई करते हुए कुम्हारों की मोड़ के पास गंगाशहर से तीन एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर, एक इलेक्ट्रिक कांटा तथा एक रिफिलिंग मशीन जब्त की।

जिला रसद अधिकारी भागुराम महला ने बताया कि बजरंग लाल गहलोत पुत्र सांवरलाल गहलोत को ऑटो व अन्य वाहनों में अवैध रिफिलिंग करते पाया गया। एलपीजी वितरण एवं आपूर्ति विनियमन आदेश 2000 का उल्लंघन पाये जाने पर यह समस्त मशीनें जब्त करने की गई और जब्त सामग्री को अनूप भारत गैस एजेंसी को सुपुर्द कर गोदाम में सुरक्षित रखवाया गया है। जिला रसद अधिकारी भागुराम महला ने बताया कि जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि के निर्देशानुसार गठित टीम द्वारा विभिन्न होटलों, फर्मों और रिफिलिंग सेंटरों पर औचक निरीक्षण कर कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण दल में प्रवर्तन अधिकारी पवन सुथार, प्रवर्तन निरीक्षक जयसिंह और प्रखर भार्गव शामिल थे।

## खो-खो में मां गायत्री शिक्षण संस्थान विजेता

**बीकानेर,** (कासं)। 68वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता खो-खो 19 वर्षीय छात्र वर्ग का आयोजन राउमावि, नौरंगदेसर, बीकानेर में 16 से 20 सितम्बर तक हुआ। इस प्रतियोगिता में 27 टीमों ने भाग लिया जिसमें मां गायत्री शिक्षण संस्थान, खिंयेरा, लूणकरनसर विजेता एवं राउमावि सहजरासर उपविजेता रही। समापन समारोह की अध्यक्षता प्रधान लालचन्द आसोपा ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री वीरेन्द्र बेनीवाल एवं जिला प्रमुख मोडाराम कडेला के अतिरिक्त भारी संख्या गांव के भामाशाह एवं जनसेवी मौजूद थे। इस टूर्नामेंट के आयोजक सविता अग्रवाल प्रधानाचार्य राउमावि नौरंगदेसर द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# टॉर्चर से परेशान युवक ने जहर खाया, तबीयत बिगड़ी

- **वन विभाग के रेंजर व स्टाफ के टॉर्चर करने पर युवक ने कीटनाशक खाया**

**हनुमानगढ़,** (कासं)। वन विभाग के रेंजर व स्टाफ की ओर से टॉर्चर करने और परिवार की महिलाओं की इज्जत लूटने की धमकी देने से परेशान एक युवक ने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

इस संबंध में युवक की पत्नी की ओर से वन विभाग के रेंजर सहित चार लोगों के खिलाफ तलवाड़ा झील पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार सुखपाल (32) पत्नी सुखदेव सिंह कुम्हार निवासी वार्ड दस, गांव रामपुरा उर्फ रामसरा ने मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया कि वह 17 सितम्बर को रात करीब नौ बजे उसके पति सुखदेव सिंह को मसीतांवाली हैड स्थित वन विभाग के कर्मचारी राकेश ज्याणी ने फोन कर घर से बाहर बुलाया। उसके पति सुखदेव सिंह घर से बाहर गए तो कार खड़ी थी।

कार में राकेश ज्याणी के साथ दो अन्य आदमी थे। राकेश ज्याणी ने उसके पति से कहा कि वह उनके साथ कार में बैठे, उन्हें रेड मारने जाना है। रात्रि 12 बजे उसे वापस छोड़ देंगे। उसने अपने पति से रात में नहीं जाने को कहा परन्तु उसके पति ने कहा कि वह दो घंटे में वापस आ जायेगा।

इसके बाद राकेश ज्याणी वगैरा उसके पति को कार में बैठाकर ऐलनाबाद ले गए। ऐलनाबाद में लकड़ी से भरी गाड़ी पकड़ने गए थे। परन्तु ऐलनाबाद में गाड़ी नहीं मिलने पर वे उसके पति को मसीतांवाली हैड पर ले आए। राकेश ज्याणी व दो अन्य ने मसीतांवाली हैड में उसके पति सुखदेव को पीटा। मसीतांवाली हैड पर रेंजर, राकेश ज्याणी, मीणा, रसोइए ने मिलकर शराब पी व उसके पति सुखदेव सिंह को टॉर्चर किया। उसके पति को भी शराब पिलाई। थप्पड़, बेल्ट, लाठियों से उसके पति को पीटा व पानी में मिर्च पाउडर घोलकर गलत जगह लगाया।

## 5 साल पुराना अवैध अतिक्रमण हटाया

**पाटन।** जिला कलेक्टर नीमकाथाना की जनसुनवाई के दौरान अरावली पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिहारीपुर रोड डाबला के निदेशक मनीष यादव ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि पिछले 5 वर्षों से मेरी स्कुल के सामने राजवीर बावरिया का परिवार स्कूल के मेन गेट के सामने अतिक्रमण किया हुआ है, जिस कारण स्कूल की बसों को एवं बच्चों को स्कूल के दूसरे गेट से होकर आना पड़ रहा है।


## नाम परिवर्तन

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री दिपाली शर्मा जो कि आर.एस.वी.विद्यालय, जयनारायण व्यास कॉलोनी बीकानेर में कक्षा IX में अध्ययनरत है जिसके शैक्षणिक रिकॉर्ड में दिपाली शर्मा के माता पिता धनपत कुमार चौबे व लक्ष्मी देवी चौबे के स्थान पर धनपत शर्मा व लक्ष्मी देवी शर्मा अंकित हो गये हैं जिन्हें धनपत कुमार चौबे व लक्ष्मी देवी चौबे करवाना है। भविष्य में दिपाली शर्मा के मातापिता का नाम लक्ष्मी देवी चौबे व धनपत कुमार चौबे के नाम से ही जाना पहचाना जावे।


# संगठित अपराध में संलिप्त के विरूद्ध सरकार कर रही है ठोस कार्रवाई : बेढम



श्रीगंगानगर में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।

- **आयुष्मान योजना के लाभार्थियों से संवाद कर उन्हें मिलने वाले उपचार व सुविधाओं की जानकारी ली**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गृह, गौपालन, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य विभाग के राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यों से प्रदेश में सुशासन आया है तथा अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्रवाई की जा रही है। राजस्थान को अपराध मुक्त बनाने का कार्य जारी है। गृह राज्यमंत्री बेढम ने शुक्रवार को टांटिया यूनिवर्सिटी में जनसेवा हॉस्पिटल व अन्य संस्थानों का अवलोकन करने के बाद यह बात कही।

इससे पूर्व राज्यमंत्री द्वारा जन सेवा हॉस्पिटल में आयुष्मान योजना के लाभार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें मिलने वाले उपचार व सुविधाओं की जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर मनाये जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत आयुष्मान भारत तथा स्वच्छता पखवाड़ा जैसे कार्यक्रमों का भली प्रकार से संचालन किया जा रहा है। चिकित्सालय में आने वाले रोगियों को मात्र 10 रूपये में उपचार की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने बुजुर्गों और विशेष योग्यजनों से भी बातचीत कर संस्था द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किये जा रहे कार्यों को सराहा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संगठित अपराध करने वाले लोगों व गैंगस्टर के विरूद्ध कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए गये हैं। उसी के अनुरूप अपराधी राज्य छोड़कर भाग रहे हैं। उन्होंने गत वर्षों में हुए पेपर लीक प्रकरणों का जिक्र करते हुए कहा कि इस प्रकार के अपराध में सम्मलित दोषियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। गंगानगर के अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से लगे होने के कारण कानून व्यवस्था पर पूरी निगरानी रखी जा रही है तथा नशे के विरूद्ध भी निरन्तर प्रभावी कार्यवाही हो रही है।

## कोच ने स्टेट जूडो के लिए बनाया शुभंकर

**श्रीगंगागनर,** (कासं)। अगर आप शहर के सेठ जीएल बिहाणी एसडी कॉलेज में चल रही स्टेट जूडो प्रतियोगिता के मुकाबले देखने जायेंगे तो आपका सामना सबसे पहले यहां बने शुभंकर से होगा। प्रतियोगिता के लिए खास तौर पर यह शुभंकर तैयार किया गया। इसे जूडो कोच डॉ. जसविंद्र सिंह और उनके साथी रमन असीजा ने तैयार किया है। जूडो कोच डॉ. जसविंद्र शिक्षा विभाग के कोच हैं और राज्य स्तरीय जूडो ट्रेनिंग सेंटर को संभालते हैं। उनके साथी रमन असीजा सरकारी सेवा में सेकंड ग्रेड टीचर हैं। इसमें डॉ. जसविंद्र की ड्राइंग स्किल और असीजा के इमेजिनेशन को मिलाते हुए शुभंकर को तैयार किया गया। डॉ. जसविंद्र ने बताया कि उन्होंने इसके लिए वन्य पशु चिंकारा को चुना। चिंकारा को पोट्रेट पर खुद डिजाइन किया और इसकी पेंटिंग बनाई। इसके बाद इसे जूडो की ड्रेस पहनाकर इसे जूडो खिलाड़ी का रूप दिया गया।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3876 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 20.09.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 40 के किला नं. 6. 7. 14 में माप 30 इन्टू 65 फीट भूखंड संख्या 175, शंकर कॉलोनी-तृतीय, श्रीगंगानगर का पटटा संख्या 3425 दिनाक 30.03.2005 को श्री आदराम पुत्र श्री मानाराम के नाम से जारी किया हुआ है। श्री अंशुल सिंगल पुत्र श्री महेश कुमार निवासी 6-यू-5 जवाहरनगर, श्रीगगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पजीकृत बैयनामा दिनांक 26.06 2024 के द्वारा क्रय कर स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटे का समर्पण कर लीज होल्ड से फ्री होल्ड पटटा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN

Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3875 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 20.9.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सरोज चौधरी पत्नी श्री राकेश कुमार चौधरी निवासी आर 4/24, एसटीपीएस कॉलोनी, सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्तानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 4 एमएल मुरब्बा नं. 29 किला नं. 1 में माप 33.6 इंटू 60 फीट भू.सं. 176 होमलैण्ड सिटी, श्रीगंगानगर | भूखंड का आवासीय पट्टा सं. 4160 दिनांक 25.11.2006 को श्री जसवंत सिंह पुत्र श्री प्यारा सिंह के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखंड इन्हीं के नाम से दर्ज है। | श्री मुकेश अरोड़ा द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 13.08.2024 को क्रय कर उक्त भूखंड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती सरोज चौधरी पत्नी श्री राकेश कुमार चौधरी निवासी आर 4/24, एसटीपीएस कॉलोनी, सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यायल समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/688 सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

# नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर अनर्गल बयानों के विरोध में धरना-प्रदर्शन

**बीकानेर,**(कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर आज बीकानेर शहर और देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भाजपा के नेताओं के वरिष्ठ कांग्रेसी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ असंवैधानिक भाषा के विरोध में संयुक्त प्रदर्शन किया गया।

संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने बताया कि जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस जन गंगा थियेटर के आगे से कलेक्टर कार्यालय तक लाठियां हाथों में थाम कर लाठी नहीं ये साथी है, दुश्मनों की चिरती छाती है के साथ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इसके साथ ही जिला कांग्रेस ने यह आव्हान किया कि अगर जल्द ही ऐसे नेताओं को गिरफ्तार नहीं किया गया तो जिला कांग्रेस जेल भरो आंदोलन करने में भी पीछे नहीं हटेगी।

देहात अध्यक्ष बिसनाराम सियाग अति आवश्यक कार्य से बाहर होने के कारण शहर अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस के नेताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और भाजपा को आगे से इस तरह की बयानबाजी पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी।

जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा कि जिस तरह राहुल गांधी का ग्राफ आम जनता में बढ़ रहा है। जिस तरह से वे हर राज्य और हर वर्ग में एक मजबूत नेतृत्व रूप से गिने जाने लगे हैं तब से प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की नींद उड़ी हुई है। इससे पहले इन दोनों नेताओं ने राहुल गांधी की छवि को बिगाड़ने के जो कार्य किया उसका जवाब राहुल गांधी की कार्यशैली और जनता के बीच जुड़ाव ने दे दिया। यशपाल गहलोत ने कहा कि कांग्रेस गांधीवादी विचारधारा के साथ चलते हुए अहिंसात्मक रास्ता अपनाती है लेकिन इसका ये मतलब कतई नहीं की कोई भी किसी भी तरह की बयानबाजी करके चला जाए और कांग्रेस उसे स्वीकार कर लेगी। कांग्रेस जरूरत पड़ने पर पत्थर का जवाब ईंट से देना जानती है।

आगे से ऐसा कोई कृत्य दुबारा हुआ तो पता चल जायेगा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता क्या ताकत रखता है। ऐसी बेहूदा बातें करने वालों का बीकानेर में आगमन हुआ तो उनको बतायेंगे की कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ अनर्गल बातें करने वाले व्यक्तियों का क्या हश्न होता है।

पूर्व विधायक मंगलाराम गोदारा ने कहा कि जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल भाजपा के मंत्री और पदाधिकारी कर रहे है। वह अशोभनीय और अस्वीकार्य है। ऐसी सोच के व्यक्तियों को तुरंत बर्खास्त करते हुए गिरफ्तार कर लेना चाहिए। वरिष्ठ नेता लक्ष्मण कड़वासरा ने कहा कि राहुल गांधी अब कांग्रेस की नहीं बल्कि सम्पूर्ण देश की आवाज बन चुके हैं और ऐसे लोगों को भाजपा आश्रय देती है तो उसके गंभीर परिणाम जनता भुगता देगी।

प्रदेश महासचिव गजेंद्र सिंह सांखला, शिवलाल गोदारा ने कहा कि भाजपा के नेताओं की बदजुबानी पर किसी भी दूसरे भाजपाई का प्रतिकार ना आना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा खुद देश का माहौल खराब करना चाहती है। बीकानेर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चेतना चौधरी, डूंगरगढ़ प्रधान केसराराम गोदारा ने कहा कि भाजपाई नेतृत्व राहुल गांधी की लोकप्रियता के चलते घबरा गया है। उनको रोकने के लिए ऐसे लोगों को आगे किया जा रहा है। देहात संगठन महासचिव प्रहलाद सिंह मार्शल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता कांग्रेस की ताकत को जानते नहीं है।



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर अनर्गल बयानों के विरोध में बीकानेर शहर व देहात कांग्रेस ने जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया।

■ कांग्रेस के नेताओं ने विरोध- प्रदर्शन कर भाजपा को इस तरह की बयानबाजी पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है

## ध्यान शिविर का शुभारंभ

**बीकानेर**,(कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय ध्यान शिविर का शुभारंभ किया गया।

कुलपति डॉ. अरूण कुमार ने विद्या मंडप सभागार में ध्यान शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि हार्टफुलनेस संस्था के सहयोग से तीन दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन कृषि विश्वविद्यालय परिसर में किया गया है ताकि शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक स्टाफ और विद्यार्थियों को इसका लाभ मिले।

ध्यान शिविर में कुलपति डॉ. अरूण कुमार के अलावा कुलसचिव डॉ. देवाराम सैनी, वित्त नियंत्रक राजेन्द्र कुमार खत्री समेत कृषि विश्वविद्यालय के सभी डीन, डायरेक्टर्स, शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टॉफ समेत बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ एन.एस. दहिया ने बताया कि कुलपति डॉ अरूण कुमार के निर्देशानुसार हार्टफुलनेस संस्था के सहयोग से छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा तीन दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया गया है। जो शनिवार तक प्रतिदिन शाम 4.15 से 5 बजे तक कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित विद्या मंडप सभागार में आयोजित किया जा रहा है। डॉ दहिया ने बताया कि गुरुवार को हार्टफुलनेस संस्था के वॉलंटियर अभिमन्यु सिंह राठौड़, रूबल राठौड़ ने ध्यान का अभ्यास करवाया। राठौड़ ने बताया कि ध्यान से ना सिर्फ तन बल्कि मन को भी शुद्ध होता है।

## सार-समाचार

### दशहरा उत्सव की तैयारी बैठक



बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने दशहरा उत्सव आयोजन की तैयारी बैठक को संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। दशहरा उत्सव आयोजन की तैयारियों के संबंध में जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आयोजन से जुड़े सभी अधिकारी और आयोजक संस्थाएं आपसी समन्वय रखते हुए सफल आयोजन सुनिश्चित करें। उन्होंने दोनों संस्थाओं की शोभायात्रा के रूट, कानूनी एवं सफाई व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, सार्वजनिक प्रकाश, सड़क मरम्मत, पेयजल, चिकित्सा सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में जाना। उन्होंने बताया कि बीकानेर दशहरा कमेटी द्वारा डॉ. करणीसिंह स्टेडियम, राम लक्ष्मण दशहरा कमेटी द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान तथा धरणीधर दशहरा कमेटी द्वारा धरणीधर मैदान में 12 अक्टूबर को कार्यक्रम आयोजित होगा। बीकानेर दशहरा कमेटी तथा श्रीराम लक्ष्मण दशहरा कमेटी द्वारा शोभायात्रा निकाली जायेगी। इनका रूट चार्ट अतिशीघ्र उपलब्ध करवाया जाए, जिससे सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते की जा सकें। प्रत्येक स्थान पर पुलिस का पर्याप्त जाब्ता, यातायात की चाक चौबंद व्यवस्था, कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त करने तथा नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश और निकास की प्रभावी व्यवस्था हो। उन्होंने बताया कि डॉ. करणी सिंह स्टेडियम, पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राउंड तथा धरणीधर मैदान में प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए जायेंगे। यह अधिकारी सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। तीनों प्रमुख आयोजनों के अलावा अन्य कार्यक्रमों की जानकारी भी उपलब्ध करवाई जाए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार, नगर निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और तीनों संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### 'हिन्दी रोजगार सृजन का माध्यम'



राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र बीकानेर में हिन्दी सप्ताह के समापन समारोह को डॉ. एस. सी. मेहता ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र बीकानेर परिसर पर आज हिन्दी सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केन्द्र के प्रभागाध्यक्ष डॉ एस. सी. मेहता ने कहा की हिन्दी को राजभाषा बने अब 75 वर्ष पुरे हो चुके हैं एवं इन 75 वर्षों में हिन्दी ने बहुत प्रगति की है। चाहे वह शब्दकोष हो या आम बोलचाल में इसका प्रचलन। इन्हीं कारणों से आज हिन्दी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा बन गई है लेकिन अफसोस है कि यह राष्ट्रभाषा नहीं बन पाई। उन्होंने कहा की आज जरुरत इस बात की है कि जिस इच्छा शक्ति से देश में धारा 370 समाप्त की गई। उसी प्रकार की इच्छा शक्ति से इसे एक ही दिन में राजभाषा से राष्ट्र भाषा का दर्जा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब हिन्दी रोजगार सृजन का माध्यम भी बन गया रहा है। पहले जहां सिर्फ अंग्रजी के प्रश्न पत्र, साक्षात्कार एवं अन्य बातचीत होती थी। वहां भी अब आप हिन्दी में बात करने का या लिखने का चयन कर सकते हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शुष्क क्षेत्र अनुसंधान केन्द्र के अध्यक्ष डॉ नवरतन पंवार ने कहा कि हिन्दी से ज्यादा शुद्ध हम लोगों को और कुछ आता भी नहीं है। उन्होंने हिन्दी भाषा को लेकर उनके केन्द्र पर क्या प्रयास किए जा रहे हैं एवं उन्होंने क्या-क्या नवाचार किए हैं उसके बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर परिसर के राजभाषा अधिकारी सत्यनारायण पासवान ने बताया कि बैठक में केन्द्रीय गृहमंत्री का सन्देश पढ़कर सुनाया गया एवं हिन्दी शद्ध-अशुद्ध लेखन एवं पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आज के कार्यक्रम का संचालन सुहेब कुरेशी ने किया। कार्यक्रम में डॉ रमेश, डॉ राव, डॉ कुट्टी, डॉ जितेन्द्र सिंह एवं केन्द्र के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**नोखा,** (कासं)। यहां केन्द्रीय बोर्ड की सीबीएसई क्लस्टर वालीबॉल प्रतियोगिता में रोचक मुकाबले हो रहे है। स्कूल चेयरमैन ने बताया कि अंडर 19 क्वार्टर फाइनल मैच में डूंडलोद विद्यापीठ झुंझनू और सीडलिंग पलिक स्कूल जयपुर के बीच हुआ। जिसमें डूंडलोद विद्यापीठ विजयी रही। अंडर 17 में पिलानी पब्लिक स्कूल झुंझनू और सेंट्रल अकादमी उदयपुर के बीच मैच हुआ जिसमें सेंट्रल अकादमी विजयी रही।

# फिरौती के लिए फायरिंग मामले में बाइक चालक गिरफ्तार

36-बाइक चालक गिरफ्तार, रोहित ने 50 हजार का लालच दे भेजा था, शूटर को नहीं जानता

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। तीन ई छोटी में फिरौती की धमकी के बाद फायरिंग की घटना में एक आरोपी मिर्जेवाला निवासी आमिर खान पुत्र मुन्ना खान को आरोपी को देर शाम को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पुलिस से बचने के प्रयास में गिर गया। इससे उसके घुटने पर चोट आ गई। आरोपी को उपचार दिलाया जा रहा है।

वारदात के समय आमिर खान बाइक चला रहा था। वारदात में शामिल दूसरे आरोपी के बारे में भी अनुसंधान जारी है। एसपी गौरव यादव ने बताया कि 13 सितम्बर दोपहर को तीन ई गली नंबर 8 निवासी शौकत अली पुत्र इबने हैदर के मकान पर दिन में बाइक सवार दो युवकों ने फायरिंग की थी। इस पर पीड़ित की ओर से बीएनएस की धारा 308(4),125,3(5) व 27 आर्म्स एक्ट के तहत जवाहर नगर थाने में मुकदमा दर्ज किया था।

जांच अधिकारी एसआई नरेश कुमार ने बताया कि प्रारंभिक छानबीन में खुलासा हुआ है कि मिर्जेवाला निवासी आमिर खान को रोहित गोदारा नाम के व्यक्ति ने फोन पर इस वारदात में सहयोग करने के बदले 50 हजार रूपए का लालच दिया था। यह राशि काम होने के बाद देने का वादा किया था लेकिन आरोपी को यह रकम नहीं मिली।

एक युवक को गिरफ्तार कर दो देशी पिस्तौल बरामद की गई। यह कार्रवाई लालगढ़ जाटान पुलिस ने देर शाम को गश्त के दौरान की। आरोपी का मोटरसाइकिल को भी सीज किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया है। लालगढ़ थाने के ड्यूटी अधिकारी एएसआई साहबराम ने भागसर गांव निवासी मनप्रीत सिंह (37) पुत्र गुरमेलसिंह को देर शाम भागसर की रोही में गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल जब्त की।

आरोपी की संदिग्ध गतिविधि को देखते हुए उसकी तलाशी ली तो 315 बोर दो देशी पिस्तौल बरामद हुए। जांच अधिकारी गणेशगढ़ चौकी प्रभारी एएसआई रमेश कुमार ने बताया कि आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में नशा तस्करी तथा मारपीट के आरोप में एक-एक केस है। आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि उक्त पिस्तौल काफी समय पहले खरीदी थी। अब इन्हें बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में था।

इस दौरान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि फायरिंग करने वाले युवक को उसने पुरानी आबादी में लेबर कोर्ट के निकट पानी वाली टंकी से साथ बैठाया था। इसके बारे में कॉलर रोहित गोदारा ने ही बताया था कि पानी वाली टंकी के पास युवक खड़ा होगा। उसे बाइक पर साथ लेकर जाना है और फायरिंग के बाद लौट आना है।

■ गिरफ्तार आरोपी ने कहा कि रोहित गोदारा ने 50 हजार का लालच दिया था, शूटर को नहीं जानता

## कलेक्टर ने की समीक्षा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में शुक्रवार को विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है। इसी सिलसिले में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में शुक्रवार को विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में खसरा गिरदावरी समय पर करने, घुमंतू जातियों के पट्टे जारी करने, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण योजना, बीएलओ द्वारा हाउस टू हाउस सर्वे, स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम सहित भूमि आवंटन से संबंधित समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने कहा कि किसान गिरदावरी करेगा तो पटवारी को अनुमोदन के लिए मौके पर जाने की आवश्यकता नहीं है। वह ऑनलाइन जांच कर अनुमोदन कर सकता है। कलेक्टर ने सर्वेयर व किसानों से अधिकाधिक गिरदावरी करवाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पटवारी किसानों का जनाधार सीडिंग करें और किसानों को स्वयं गिरदावरी के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर ने कहा कि फसल कटाई प्रयोग समय पर संपादित करें।

# वारंट तामिल न होने पर एस.एच.ओ. की खिचाई

**बीकानेर,** (कासं)। हत्या के केस में महाजन पुलिस थाने के गवाह कांस्टेबल का जमानती वारंट कोर्ट में पेश नहीं हुआ। पीठासीन अधिकारी ने नाराजगी जताते हुए एसएचओ की खिचाई की और उसे कहा कि सेना की मदद लेकर अपने अधीनस्थ कांस्टेबल का वारंट तामिल कराया जाए।

मामला बीकानेर के महाजन पुलिस थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की हत्या का है जिसकी सुनवाई न्यायालय अपर सेशन न्यायाधीश संख्या पांच में चल रही है। महाजन के रामबाग में 19 जनवरी, 2023 को राकेश जाट की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने बिशनाराम और ओमप्रकाश के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया और मामले की सुनवाई चल रही है।

इस दौरान थाने का कांस्टेबल पूनमचंद गवाही के लिए कोर्ट में पेश नहीं हुआ तो कोर्ट ने पांच जून, 2024 को उसका जमानती वारंट जारी कर दिया। उसे 29-30 जुलाई को तलब किया गया। लेकिन तारीख पेशी पर ना तो वारंट तामिल लौटा और ना ही बिना तामिल किए लाया गया।

■ हत्या के केस में एसएचओ को देना पड़ा स्पष्टीकरण

इससे नाराज कोर्ट के पीठासीन अधिकारी ने 12 अगस्त को महाजन पुलिस थाने के एसएचओ कश्यपसिंह की जमकर खिंचाई की और स्पष्टीकरण मांग लिया।

कोर्ट ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है एसएचओ अपने कर्तव्य के प्रति उदासीन है व कार्य करने में असक्षम हैं। अपने अधीनस्थ कांस्टेबल से गवाह की तामिल नहीं करवा सके तो सेना की मदद से तामिल करावें।

सेना की मदद लेने की रिपोर्ट कोर्ट को उपलब्ध कराई जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि तामील नहीं लौटाना पद की गरिमा के विरूद्ध है। इस कृत्य पर क्यों ना फौजदारी कार्यवाही अमल में लाई जाए। उसके बाद 12 अगस्त को एसएचओ ने स्पष्टीकरण दिया और 6 सितम्बर को गवाह कांस्टेबल पूनमचंद ने कोर्ट में उपस्थित होकर बयान दिए। कचहरी परिसर के गलियारों में यह मामला चर्चा का विषय बन गया।

# सड़क का लेवल सही नहीं होने से आमजन परेशान

**अनूपगढ़,** (कासं)। जिले की घडसाना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत तीन एसटीआर के वार्ड नंबर आठ में ग्राम पंचायत प्रशासन के द्वारा चकला रोड का निर्माण करवाया जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान कुछ वार्ड वासियों ने ग्राम पंचायत प्रशासन और जिला कलेक्टर को सड़क का निर्माण लेवल के अनुसार नहीं करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है।

वार्ड वासियों का आरोप है कि शिकायत करने के बावजूद भी ग्राम पंचायत प्रशासन की ओर से लेवल को सही नहीं किया गया और जिन घरों के द्वारा शिकायत की गई थी। उन घरों के सामने सड़क का निर्माण कार्य भी बंद करवा दिया गया है। अन्य स्थान पर सड़क का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। वार्ड नंबर 8 के निवासी जितेंद्र सोनी ने बताया कि 20 वर्षों बाद इस सड़क का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान सड़क का लेवल सही नहीं था। लेवल सही नहीं होने पर जब ग्राम पंचायत प्रशासन से इसकी शिकायत की गई तो सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी ने आश्वासन दिया था कि लेवल को सही करके सड़क का निर्माण कार्य करवाया जायेगा। जितेंद्र सोनी ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत प्रशासन के द्वारा सड़क का लेवल सही नहीं करवाया गया और सड़क निर्माण कर दिया।

## दो हजार लीटर से अधिक अवैध पेट्रोल जब्त

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। खाद्य मंत्री और जिला कलेक्टर डॉ. मंजू के निर्देशानुसार जिले में शुक्रवार को रसद विभाग ने कार्रवाई करते हुए दो हजार लीटर से अधिक अवैध पेट्रोल जब्त किया।

जिला रसद अधिकारी सुश्री कविता सिहाग ने बताया कि रामलाल कॉलोनी की गली नम्बर 9 में कार्रवाई के दौरान रणजीत सिंह के कब्जे से 6 बडे॰ ड्रम, 21 कैनियां, कीप और हस्तचालित पम्प बरामद किया गया। उक्त ड्रमों से 2040 लीटर पेट्रोल जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन अधिकारी सुरेश कुमार, धर्मपाल पूनिया सहित अन्य मौजूद थे।

# गुस्साए ग्रामीणों ने कचरे की ट्रैक्टर-ट्रॉलियां रोकी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। ठोस कचरा प्रबंधन प्लांट के नाम पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। जनवरी से डंपिंग प्वाइंट पर कचरा निस्तारण मशीन आने की बात कही जा रही है, लेकिन आज तक नहीं आई।

धरना प्रदर्शन में शामिल राजकुमार सैनी, नत्थूराम सहारण, जगमोहन सैनी, जगदीश शर्मा, रवि शर्मा आदि का कहना था कि नगर परिषद ने हर स्तर पर केवल परेशानी ही दी है। ठीक इसी तरह नेतेवाला में ठोस कचरा प्रबंधन प्लांट लगाए जाने की बात बीते 3-4 साल से कही जा रही है। अब तक न तो इस संबंध में जिला प्रशासन ने कोई ठोस कदम उठाए और न ही नगर परिषद ने जिम्मेदारी निभाई। इलाके के लोग वर्ष 2010 से कचरे से परेशान हैं। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि वर्ष 2015 व वर्ष 2019 में कचरा हटाओ संघर्ष समिति व तत्कालीन सभापति, आयुक्त रहे अफसरों के साथ लिखित समझौते भी हुए। लेकिन पालना आज तक नहीं हुई। हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया तब जाकर 2018 में हड्डारोड़ी से निजात मिली। इसके बाद से परिषद यहां साढ़े 12 बीघा भूमि में शहर के 65 वार्डों का करीब 90 टन कचरा हर दिन डाल रही है। विरोध देख कई ट्रांलियां लौट आई। वहीं किसानों ने कचरे के ढेर पर ही दरियां बिछाकर धरना शुरू कर दिया। इस पर प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। नगर परिषद आयुक्त रीना छिंपा ने जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य अधिकारी देवेंद्र राठौड़ को धरना स्थल पर भेजा।

■ कचरा निस्तारण मशीन नहीं लगाने का विरोध

# संभागीय आयुक्त ने जिला चिकित्सालय में मरीजों से इलाज के बारे में जानकारी ली

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। बीकानेर संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने शुक्रवार सुबह राजकीय जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों का अवलोकन करते हुए नशा मुक्ति, रामाश्रय और गायनिक सहित अन्य वार्डों में रोगियों से बात कर उन्हें उपलब्ध हो रही चिकित्सा सुविधाओं का फीडबैक लिया।

निरीक्षण के पश्चात उन्होंने चिकित्सालय अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप रोगियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जायें। राजकीय जिला चिकित्सालय पहुंचने के बाद संभागीय आयुक्त ने ओपीडी ब्लॉक का निरीक्षण किया। इस दौरान भीड़ होने पर उन्होंने अलग से काउंटर लगाकर व्यवस्था करने के निर्देश दिये। दवा वितरण केन्द्र के बाहर रोगियों से भी बात कर उन्होंने चिकित्सा सुविधा की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि दवा वितरण केन्द्र की संख्या बढ़ाई जाये। इसके पश्चात उन्होंने एक्स-रे, ईसीजी, ईएनटी, टीबी, सर्जिकल, ऑर्थो सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण कर रोगियों से भी बातचीत की। उन्होंने रोगियों से पूछा कि चिकित्सालय में उपचार सुविधा कैसी है। उपचार के लिये किसी तरह का शुल्क तो नहीं लिया जा रहा है। चिकित्सक समय पर उपचार कर रहे हैं या नहीं।

इस पर रोगियों ने कहा कि चिकित्सालय में उपचार सुविधाएं बेहतर हैं। उपचार के लिये कोई शुल्क नहीं लिया गया और स्टाफ भलीभांति उपचार कर रहा है। नशा मुक्ति और रामाश्रय वार्ड निरीक्षण के दौरान भी संभागीय आयुक्त ने रोगियों से बातचीत करते हुए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि नशा छोड़ने वालों को सामाजिक संगठनों की सहायता से प्रशिक्षण दिलवाकर रोजगार अपनाने के लिये प्रेरित किया जाये। साथ ही उन्हें खेलों से भी जोड़ने का प्रयास किया जाये ताकि वे नशा छोड़ सकें। एमसीएच वार्ड का निरीक्षण करते हुए संभागीय आयुक्त ने महिला रोगियों से बात की।



संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने श्रीगंगानगर में राजकीय जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्था का जायजा लिया।

■ दवा वितरण केन्द्र के बाहर रोगियों से भी बात कर चिकित्सा सुविधा की जानकारी ली

# युवाओं को बीकानेर में ही मिलेंगे रोजगार के अवसर : व्यास

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर (पश्चिम) विधायक सेवा केन्द्र और रोजगार विभाग के सहयोग से 30 सितम्बर को एमएम ग्राउंड में लगने वाले रोजगार और कैरियर मेले के दौरान स्थानीय नियोक्ताओं द्वारा स्थानीय युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर दिए जायेंगे। इसके लिए मेला स्थल पर जिला उद्योग संघ की सेंट्रल डेस्क स्थापित की जायेगी। जहां साक्षात्कार के माध्यम से स्थानीय नियोक्ताओं द्वारा युवाओं का ऑन स्पॉट चयन किया जा सकेगा।

विधायक जेठानंद व्यास ने शुक्रवार को जिला उद्योग संघ में आयोजित बैठक के दौरान यह जानकारी दी। इस दौरान पच्चीस से अधिक स्थानीय नियोक्ता मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि अनेक युवा स्किल्ड होने के बावजूद पारिवारिक परिस्थितियों अथवा अन्य कारणों से अपना गृह क्षेत्र नहीं छोड़ सकते। ऐसे में उन्हें अपने घर में ही रोजगार के अच्छे अवसर मिल सके। मेले के दौरान ऐसे प्रयास किए जायेंगे। विधायक ने कहा कि इससे स्थानीय नियोक्ताओं को भी स्किल्ड युवाओं की सेवाएं मिल सकेंगी तथा ऐसे युवा भी और अधिक बेहतर कार्य कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि मेले के लिए निर्धारित क्यूआर कोड के माध्यम से अधिक से अधिक स्थानीय नियोक्ता अपना पंजीकरण करवाएं तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि सभी स्थानीय नियोक्ताओं के लिए सेंट्रल डेस्क में नियोक्तावार स्थान आवंटित किए जायेंगे।

जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने कहा कि यह रोजगार मेला स्थानीय नियोक्ताओं और युवाओं के बीच सेतु का कार्य करेगा। इससे दोनों पक्षों की आवश्यकता पूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह तक अधिक से अधिक स्थानीय नियोक्ताओं से चर्चा की जायेगी।



बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने स्थानीय नियोक्ताओं की बैठक को संबोधित किया।

